Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding establishment of a centre of Central Reserve Police Force (CRPF) in Jhunjhunu district, Rajasthan.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मेरे संसदीय क्षेत्र राजस्थान के झुन्झुनू जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक संस्थान खुलवाना चाहता हूं । केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल न केवल भारत की बल्कि सम्पूर्ण विश्व के सबसे बड़े सशस्त्र पुलिस बल के रुप में विश्वविख्यात है । वर्तमान में भी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में राजस्थान के कार्मिक बहुत ही सक्रिय रुप से देश की रक्षा के लिए योगदान दे रहे हैं एवं जरुरत पड़ने पर उन्होंने विभिन्न अभियानों में सक्रिय योगदान देते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर किया है । देश की अंखडता एवं अक्षुण्णता को बनाये रखने में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है । वर्तमान में राजस्थान में काफी संख्या में पेंशनधारक शहीद परिवारजन निवास कर रहे हैं । इस संदर्भ में, मैं यह अवगत कराना चाहता हूं कि वर्तमान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के माउंट आबू, जोधपुर के प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर में ग्रुप केन्द्र एवं जयपुर में बटालियन तथा सेक्टर मुख्यालय स्थित है । राजस्थान के विस्तारित क्षेत्र को देखते हुए भारत की उत्तरी सीमा से सटे इस राज्य के अन्दर स्थापित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों को अपनी सेवा एंव पेंशन संबधी दस्तावेजों के लिए बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । इस राज्य में शेखावाटी क्षेत्र, झुन्झुनू, सीकर एवं चुरु में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का कोई भी ग्रुप केन्द्र, बटालियन एवं संस्थान स्थापित नही है, जबकि इस क्षेत्र से बहुत ज्यादा संख्या में सैनिक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत हैं । झुन्झुनू जिले ने केवल राजस्थान में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सबसे ज्यादा सैनिक दिए हैं । इसलिए, झुन्झुनू, राजस्थान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक केंद्र स्थापति किया जाए । साथ ही, इनको जाने के लिए,

सैनिक एक्सप्रेस, जो दिल्ली से जयुपर सप्ताह में तीन दिन चलती है, उसको सप्ताह में रोजना किया जाए। धन्यवाद।